# AnandNiketan
## Maninagar Campus

| कक्षा : X | विषय : हिंदी | Syllabus : गद्य- १,२,३,६<br>पद्य- १,२,३,४<br>संचयन - १<br>व्याकरण - शब्द और पद<br>अशुद्धि-शोधन , मुहावरे |
|---|---|---|
| दिनांक : २९/८ /२०१९ | Empower - I Assignment | |

**खंड - क**

**प्रश्न-१. निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए :**

महात्मा और विद्वानों का सबसे बड़ा लक्षण है - आवाज को ध्यान से सुनना | यह आवाज कुछ भी हो सकती है | कौओं की कर्कश आवाज से लेकर नदियों की छलचल तक | मार्टिन लूथर किंग के भाषण से लेकर किसी पागल के बडबडाने तक | अमुमन ऐसा होता नहीं | सच यह है कि हम सुनना चाहते ही नहीं |

बस बोलना चाहते हैं | हमें लगता है कि इससे लोग हमें बेहतर तरीके से समझेंगे | हालाँकि ऐसा होता नहीं | हमें पता ही नहीं चलता और अधिक बोलने की कला हमें अनसुना करने की कला में पारंगत कर देती है | एक वैज्ञानिक ने अपने अध्ययन में पाया कि जिन घरों में अभिभावक ज्यादा बोलते हैं , वहाँ बच्चों में सही - गलत से जुडा स्वाभाविक ज्ञान कम विकसित हो पाता है , क्योंकि ज्यादा बोलना बातों को विरोधाभासी तरीके से सामने रखता हैं और सामने वाला बस शब्दों के जाल में फँस कर रह जाता है | बात औपचारिक हो या अनौपचारिक , दोनों स्थितियों में हम दूसरे की ना सुन , बस हावी होने की कोशिश करते हैं | खुद ज्यादा बोलने और दूसरों को अनसुना करने से ज़ाहिर होता है कि हम अपने बारे में ज्यादा सोचते हैं और दूसरों के बारे में कम |

प्रश्न -

१. अनसुना करने की कला क्यों विकसित होती है ?
२. अधिक बोलने वाले अभिभावकों के बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है और क्यों ?
३. अधिक बोलना किन बातों का सूचक है ?
४. 'तर्क सम्मत टिप्पणियाँ कीजिए - ' हम सुनना चाहते ही नहीं'
५. गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए |

**प्रश्न-२.निम्नलिखित पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए |**

चमकीले पीले रंगों में अब डूब रही होगी धरती

खेतों-खेतों फूली होगीसरसों, हँसती होगी धरती,

पंचमी आज, ढलते जाड़ों की इस ढलती दोपहरी में,

जंगल में नहा, ओढ़नी पीली सुखा रही होगी धरती |

इसके खेतों में खिलती है सीगरी, तारा, गाजर, कुसुम

किसमें कम है यह, पली धूल में सोना धूल भरी धरती |

शहरों की बहू-बेटियाँ हैं सोने के तारों से पीली |
सोने के गहनों में पीली, यह सरसों से पीली धरती |
सर धरे कलेऊ की रोटी, लेकर मट्ठा की मटकी,
घर से जंगल की ओर चली होगी बटिया पर पग धरती |
कर काम खेत में स्वस्थ हुई होगी तालाब में उतर, नहा,
दे प्यार बैल को, हाथ सुघर बनी माता धरती |
पक रही फसल, लद रहे चना बंट, फली हुई है हरी मटर
तीमन की साग और पौहों को हरा, भरी-पूरी धरती |
हो रही साँझ, आ रहे ढोर हैं रम्भा रही गायें-भैंस,
जंगल से घर को लौट रही गोधूली बेला में धरती |

(i) धरती की सुन्दरता बढ़ने का क्या कारण है ?

(ii) धरती को धूल भरा सोना क्यों कहा गया है ?

(iii) सरसों की उपमा सोने के गहनों से क्यों की गई है ?

## खंड - ख

**प्रश्न-३. शब्द वाक्य में प्रयुक्त होकर क्या बन जाता है ? उदाहरण के साथ स्पष्ट कीजिए |**

**प्रश्न-४. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध करके लिखिए -**

(i) मैं तुम्हारे घर कभी भी नहीं आऊँगा |
(ii) उसे प्लेट में रखकर नाश्ता दो |
(iii) चोर के हाथों में बेड़ियाँ थीं |
(iv) सुशीला की बेटी बहुत नरम है |
(v) रोमी और सोमी में घोर दोस्ती है ||

**प्रश्न-५. (क) निम्नलिखित मुहावरों का प्रयोग इस प्रकार कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो |**

दीवार खड़ी करना, आँखों में तैरना **,**गिरह बाँधना, दिल पसीजना , लोहे के चने चबाना, रँगे हाथ पकड़ना, गिद्ध दृष्टि रखना , पापड़ बेलना

**(ख) रिक्त स्थानों की पूर्ति उचित मुहावरों द्वारा कीजिए |**

१. मैंने थोड़ी जगह क्या दी, तुम तो यहाँ ------------------------- करके बैठ गए |
२. पुलिस के बहुत ढूँढने पर भी अपराधी का कोई ---------------------------मिला |
३. धर्मगुरु की करतूतों का पर्दाफाश होते ही उनके भक्तों की ------------------ गईं |
४. परीक्षा में पास होना तो मेरे लिए ------------------------------------ है |
५. दादीजी के घर न आने की खबर पाकर सीमा का ---------------------- गया |

## खंड - ग

**प्रश्न-६.पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

(क) बड़े भाई साहब के किस गुण ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया ?(२०१३)

(ख) लेखक की 'डायरी का एक पन्ना' हमें किस प्रकार प्रभावित करता है ? (२०१३)

(ग) शेख अयाज़ के पिता भोजन छोड़कर क्यों उठ खड़े हुए ? पाठ के आधार पर लिखिए |(२०१७)

(घ) बड़े भाई साहब छोटे भाई को क्या सलाह देते थे और क्यों ? (२०१७)

(ङ) तताँरा गाँव में क्यों चर्चित था ? (२०१६)

(च) रूढ़ियाँ बंधन बनने लगे तो उसे टूट जाना चाहिए |'तताँरा - वमीरो कथा' के आधार पर स्पष्ट कीजिए| (२०१८ )

(छ) तताँरा ने वामीरो से क्या याचना की ? (२०१५, ११, १० )

(ज) तताँरा की तलवार के बारे में लोगों का क्या मत था ? ( २०१०, ११ )

(झ) 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होने वाले' पाठ में समुद्र के क्रोध का क्या कारण बताया गया है ? (२०१५)

(ञ) 'ग्वालियर से मुंबई की दूरी ने संसार को काफी कुछ बदल दिया है" कथन में लेखक किस बदलाव का संकेत कर रहा है ? (२०१२)

प्रश्न-७.(क) बढती हुई आबादी का पक्षियों और मनुष्यों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ? इसका समाधान क्या हो सकता है ? 'अब कहाँ दूसरे के दुःख से दुखी होने वाले' पाठ के आधार पर बताइए| (२०१८)

(ख) 'बड़े भाई साहब' के आधार पर लेखक ने समूची शिक्षा प्रणाली के किन पहलूओं पर व्यंग्य किया है? आपके हिसाब से इसका क्या समाधान हो सकता है ? (२०१८, १६, ११, १० )

**प्रश्न- ८. पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |**

(क) कबीर की साखी के आधार पर लिखिए कि ईश्वर वस्तुत: कहाँ है? हम उसे क्यों नहीं देख सकते ? (२०१९)

(ख) विरह रूपी सर्प कबीर के अनुसार कौन है और 'मंत्र' किसे कहा गया है ? (२०१५)

(ग) मीरा श्याम की चाकरी क्यों करना चाहती है ? स्पष्ट कीजिए |( २०११ ,१० )

(घ) मीराबाई ने श्री कृष्ण के रूप- सौन्दर्य का वर्णन कैसे किया है ? (२०१६, ११, १० )

(ङ) बिहारी ने माला जपने और तिलक लगाने को व्यर्थ कहकर क्या सन्देश देना चाहा है ?(२०१५)

(च) बिहारी ने 'जगतु तपोवन सौ कियौ' क्यों कहा है ? (२०१८)

(छ) कवि ने कैसी मृत्यु को सुमृत्यु कहा है ?(२०११, १२ )

प्रश्न-९.(क) 'मनुष्यता' कविता के माध्यम से कवि क्या सन्देश देना चाहते हैं?

(ख) कबीर दास जी की साखियों का मुख्य उद्देश्य स्पष्ट कीजिए |(२०१६)

प्रश्न-१०.हरिहर काका और कथावाचक के बीच क्या सम्बन्ध है और इसका क्या कारण है ?

प्रश्न-११. अनपढ़ होते हुए भी हरिहर काका दुनिया की बेहतर समझ कैसे रखते थे ? कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए | (२०१०)

प्रश्न-१२. हरिहर काका को महंत और अपने भाई एक ही श्रेणी के क्यों लगने लगे ?(२०१२, १० )

## खंड -घ

**प्रश्न-१३. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग ८०-१०० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए |**

(क) भारतीय किसान के कष्ट (२०१८)
संकेत - अन्नदाता की कठिनाइयाँ , कठोर दिनचर्या , सुधार के उपाय |

(ख) लड़कियों की शिक्षा (२०१७)
संकेत - समाज में लड़कियों का स्थान , शिक्षा की अनिवार्यता और बाधाएँ, सबका सहयोग , बदलाव व विकास |

प्रश्न-१४. आए दिन बस चालकों की असावधानी के कारण हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए ‘दैनिक भास्कर’ समाचार पत्र के संपादक को पत्र लिखिए |

प्रश्न-१५. आपको विद्यालय में एक बटुआ मिला है, जिसमें कुछ रुपयों के साथ कुछ जरुरी कार्ड भी हैं | छात्रों से इसके मालिक की पूछताछ और वापस पाने की प्रक्रिया बताते हुए सूचना तैयार कीजिए | **(२०१८)**

प्रश्न-१६. अपने जीवन के लक्ष्य के विषय में बातचीत कर रहीं दो सहेलियों के संवाद लिखिए |

प्रश्न-१७. अपनी पुरानी कार की बिक्री हेतु विवरण देते हुए २५ शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए|

------------------------